an>

Title: Need to run a train between Bhubaneswar and Delhi via Keonjhar, Banaspani and Chaibasa.

श्रीमती सकुंतला लागुरी (क्योंझर): भुवनेश्वर से दिल्ली वाया क्योंझर, बनासपानी, चाईबासा के बीच रेलवे लाईन बिछाने के लिए कई दशकों से मांग की जा रही है। यह क्षेत्र आदिवासी बाहुल्य एवं अत्यंत पिछड़ा हुआ क्षेत्र है। परंतु इन क्षेत्रों में सभी तरह की कच्चे माल की प्रचुरता है। सीधे भुवनेश्वर से दिल्ली के बीच रेलवे लाईन के अभाव में क्योंझर, बनासपानी एवं चाईबासा के आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को कई शहरों में घूम कर आना पड़ता है और उन्हें समय भी ज्यादा लगता है और परेशानी भी होती है। रेलवे का यह दायित्व है कि पिछड़े क्षेत्र के संतुलित विकास में अपनी भूमिका का निर्वहन पिछड़े क्षेत्र में रेलवे नेटवर्क तैयार करने की है परंतु कई वर्षों से इस पर कार्य नहीं हो पा रहा है, जहां पर रेलवे की सुविधा नहीं है वहां पर रेलवे की सुविधा नहीं मिल पा रही है।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि भुवनेश्वर से दिल्ली के बीच वाया क्योंझर, बनासपानी एवं चाईबासा होकर रेलवे लाइन का निर्माण कर रेल सेवा चलाई जाये जो जनहित में है और देश के संतुलित विकास में सहयोग करेगी।